हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 सितंबर 2025

12 उपमंडल व तहसील कार्यालय में कई घंटे...



11 आयुक्त एवं सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग...



## खबर संक्षेप

### संपूर्ण व्यक्तित्व पर ध्यान दें छात्राएं: डॉ. चौधरी

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा से डॉ. साक्षी चौधरी ने अपने विचार विद्यार्थियों के साथ सांझा किए। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रोफेसर मोनिका गिल ने बताया कि प्रो. साक्षी चौधरी ने छात्राओं को अपने व्यक्तित्व का विकास करने के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व का विकास करने के लिए पहनावा तथा अपने संपूर्ण व्यक्तित्व पर ध्यान देना चाहिए। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कॉमर्स विभाग से प्रो. मोहिना व प्लेसमेंट सेल के सदस्य प्रो. मनीषा, प्रो. किरण व प्रो. मीनू भी मौजूद थे।

### 21 को मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती

**सिरसा।** श्री अग्रवाल पार्क ट्रस्ट सिरसा द्वारा आगामी 21 सितंबर को महाराजा अग्रसेन की भव्य जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम जनता भवन रोड स्थित श्री अग्रवाल पार्क में आयोजित होगा, जिसमें समस्त अग्रवाल बंधु एकत्र होकर अपने कुलदेव महाराजा अग्रसेन को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान पुरुषोतम गोयल करेंगे। ट्रस्ट के सचिव अशोक बांसल व प्रवक्ता आकाश चाचाण ने संयुक्त रूप से बताया कि 21 सितंबर कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह ध्वजारोहण से किया जाएगा।

### तैराकी में गुरु ने प्रदेश में पाया प्रथम स्थान

**सिरसा।** 9 टू 1 स्कॉलर्स हैवन स्कूल सिकंदरपुर, सिरसा के छात्र गुरु ने उज्जैन (मध्यप्रदेश) में आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें गुरु ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर प्रथम स्थान किया है। वे हरियाणा में पहले और पूरे भारत में पांचवें स्थान पर रहे हैं। अब गुरु अंतरराष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता, जोकि दुबई में होगी, में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन करेगा।

### जागरूकता कैंप में पोषण की दी गई जानकारी

**फतेहाबाद।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास जाखल द्वारा शुक्रवार को स्थानीय सरकारी हॉस्पिटल परिसर में जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कैंप के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों में उपलब्ध क'चे राशन का प्रदर्शन किया गया और लोगों को उसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुपरवाइजर ऊषा बजाज, मनीषा रानी एवं कीर्ति गिल ने उपस्थित महिलाओं और आमजन को महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना एवं आपकी बेटी हमारी बेटी योजना की विस्तृत जानकारी दी।

# 25 सितंबर को 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के एप की होगी लॉन्चिग: एडीसी

### योजना का उद्देश्य है महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 25 सितम्बर को जिला में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर योजना का मोबाइल एप भी लॉन्च किया जाएगा, जिसके माध्यम से पात्र महिलाएं घर बैठे अपना आवेदन कर सकेंगी। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बैठक को संबोधित करते हुए दी। बैठक से पहले अतिरिक्त मुख्य सचिव जी अनुपमा ने लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जिला में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों बारे समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

**खास बातें**

- योजना की पात्र महिलाएं एप लॉन्चिंग से पहले अपने दस्तावेज करवा लें तैयार
- पात्र महिलाएं घर बैठे अपना आवेदन कर सकेंगी

**आयुसीमा 23 से 60 के बीच**

एडीसी जोकि योजना के नोडल अधिकारी हैं, ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि 25 सितम्बर को एप लॉन्चिंग के साथ-साथ जिले में भी कार्यक्रम आयोजित होगा। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थियों के पास आधार कार्ड, फैमिली आईडी, डोमिसाइल तथा परिवार की एक लाख रुपये तक की वार्षिक आय होना जरूरी है। लाभार्थी की उम्र 23 से 60 साल के बीच होनी चाहिए।



सिरसा। वीडियो कांफ्रेंस में भाग लेते एडीसी व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

**यह है पात्रता**

उन्होंने बताया कि योजना के लाभ के लिए लाभार्थी की वार्षिक आय एक लाख रूपए से अधिक ना हो, 23 से 60 वर्ष आयु हो, बिजली मीटर, रिहायशी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि योजना के लाभार्थी को सीधे उसके खाते में 2100 रूपए महीना दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला के लाभार्थी किसी भी प्रकार के फर्जी लिंक या वेबसाइट पर आवेदन करने से बचें, केवल विभाग द्वारा प्रदान किए गए सत्यापित एप्प आदि पर ही आवेदन करना होगा।

**25 को एप होगा लॉन्च, लाभार्थी दस्तावेज रखें तैयार**

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि 25 सितंबर को एप लांच होगा, जिसके माध्यम से घर बैठे ही पात्र लाभार्थी अपना पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला के सभी पात्र लाभार्थी योजना के लिए जरूरी सभी दस्तावेज तैयार करवा लें, ताकि 25 सितंबर को योजना के लिए पंजीकरण करवाने में कोई दिक्कत ना आए।

### आरोपी को मौके पर ही पकड़कर डायल-112 पुलिस के हवाले कर दिया

# सरपंच हेमंत सिंह बैजलपुरिया पर जानलेवा हमला, चाकू गर्दन पर मारने की कोशिश

**घायल सरपंच को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भूना

बैजलपुर गांव के सरपंच हेमंत सिंह बैजलपुरिया पर शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे गांव के ही ईश्वर सिंह ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से गांव में सनसनी फैल गई। घायल सरपंच को पहले भूना सीएचसी लाया गया, लेकिन चोट गहरी होने के कारण डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। वहीं ग्रामीणों ने आरोपी को मौके पर ही पकडक़र डायल-112 पुलिस के हवाले कर दिया। सरपंच ने बताया कि सुबह वे रा'य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन करवाने बैजलपुर स्टेडियम गए थे। इसी दौरान घर से फोन आया कि ईश्वर सिंह उनके घर बैठक में मौजूद है और गिले-शिकवे दूर करना चाहता है। सरपंच कार्यक्रम छोडक़र घर पहुंचे। बातचीत के दौरान सरपंच ने कहा कि अब आपका दिमाग ठीक हो गया है। इसी बीच आरोपी ईश्वर सिंह ने कमर से बड़ा चाकू निकालकर सरपंच पर अचानक हमला कर दिया।

सरपंच ने फुर्ती से वार रोकने की कोशिश की तो गर्दन की बजाय चाकू हाथ पर जा लगा। शोर मचाने पर सरपंच का चचेरा भाई मौके पर पहुंचा और आरोपी को पकड़ लिया। घायल सरपंच को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने आरोपी से चाकू बरामद कर लिया है। सरपंच पर हमले की सूचना फैलते ही गांव के सैकड़ों लोग अस्पताल और भूना थाने में इक_ हो गए। ग्रामीणों ने आरोपी और साजिशकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों ने कहा कि सरपंच पर हुए हमले से गांव में भय और आक्रोश का माहौल है।



भूना। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सरपंच का हाल-चाल देखते बैजलपुर के ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

**'मुझे राजनीति में घसीटा जा रहा है': पूर्व सरपंच**

बैजलपुर के पूर्व सरपंच प्रताप शर्मा ने कहा कि उन्हें जानबूझकर मामले में घसीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे किसी भी गलत काम का समर्थन नहीं करते। उनका कहना है कि आरोपी ईश्वर उनके विरोधी रहे हैं, लेकिन उनसे उनका कोई संबंध नहीं है।

**पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

भूना थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि पुलिस ने सरपंच हेमंत सिंह बैजलपुरिया के बयान पर हमलावर आरोपी ईश्वर सिंह व साजिश मे शामिल प्रताप सिंह पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एसएचओ ने कहा कि मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उधर सरपंच की जान- माल का खतरा होने की वजह से ग्रामीणों ने पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाने की भी पुलिस अधीक्षक से मांग की है।

**आरोपी पर पहले भी दर्ज हैं कई मामले**

ईश्वर सिंह पर पहले भी गंभीर मामले दर्ज हैं। 17 फरवरी 2025 को उस पर गांव की एक अनुसूचित जाति महिला से मारपीट और जातिसूचक गालियां देने का मुकदमा हुआ था। उस मामले में शुरू में एससी/एसटी एक्ट नहीं लगाया गया था। बाद में ईश्वर सिंह की शिकायत पर विजिलेंस टीम ने पूर्व सरपंच शमशेर सिंह को रंगे हाथों 10 हजार रूपये रिश्वत लेते पकड़ा था। इसके बाद 19 मार्च को पुलिस ने मुकदमे में एससी/एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ दीं। इस मामले में ईश्वर और उसकी पत्नी को लंबी न्यायिक हिरासत में रहना पड़ा। इसी तरह 11 सितंबर को भी बैजलपुर गांव के ही एक महिला मुकेश ढुआ के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज हुआ था। इस मुकदमे में अभी गिरफ्तारी बाकी है।



सिरसा। नगरपरिषद कार्यालय में जांच के लिए पहुंचे सीएम फ्लाइंग अधिकारी।

### छापेमारी से कर्मचारियों में मचा हड़कंप

# सीएम फ्लाइंग टीम पहुंची नगर परिषद, रिपोर्ट तलब

- शिकायत प्राप्त होने के बाद सीएम फ्लाइंग के उपनिरीक्षक राजेश कुमार नगर परिषद सिरसा कार्यालय पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

सीएम फ्लाइंग टीम शुक्रवार को सिरसा नगर परिषद कार्यालय पहुंची और अनाधिकृत कॉलोनी में एनडीसी किए जाने के मामले में रिपोर्ट तलब की है। उल्लेखनीय है कि उपमंडल डबवाली में अनाधिकृत कॉलोनियों में नगर परिषद की ओर से की गई एनडीसी से संबंधित शिकायत प्राप्त होने के बाद सीएम फ्लाइंग के उपनिरीक्षक राजेश कुमार नगर परिषद सिरसा कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार से एनडीसी से जुड़ी पुरानी जांच के विषय में रिपोर्ट तलब की। साथ ही नगरपरिषद के उस लिपिक से भी डबवाली में नगरपरिषद की ओर से शहर के अनाधिकृत क्षेत्रों में की गई एनडीसी के सिलसिले में रिपोर्ट तलब की। काबिलेजिक्र है कि जिस लिपिक से सीएम फ्लाइंग ने सिरसा नप में रिपोर्ट तलब की है, उसी लिपिक पर डबवाली नगरं परिषद में रहते हुए एनडीसी किए जाने के आरोप हैं।

इस मामले में उपायुक्त के निर्देश पर नगर आयुक्त ने मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट में डबवाली नगर परिषद की ओर से की गई गड़बड़ियों की आशंका जाहिर की गई थी। इसी मामले में शिकायत सीएम फ्लाइंग को भी की गई थी, जिसकी जांच के लिए सीएम फ्लाइंग सिरसा नगरपरिषद कार्यालय पहुंची।

# दुष्कर्म मामले में होटल संचालक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

शहर के होटल में एक नाबालिगा से युवक द्वारा दुष्कर्म मामले में पुलिस ने होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि होटल में युवक के साथ नाबालिगा को बिना आईडी व उम्र पता होने के बावजूद रूम दे दिया गया। महिला थाना प्रभारी दर्शना देवी ने बताया कि इस होटल में तीन पार्टनर है। इसमें से एक आरोपी पार्टनर संदीप को पकड़ लिया गया है। संदीप पहले खेतीबाड़ी करता था। कुछ समय से होटल में पार्टनरशिप की थी। आरोपी संदीप से पूछताछ जारी है। बाकी दोनों पार्टनर फरार है, जिनकी तलाश जारी है। उनको भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



सिरसा। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**यह था मामला**

दरअसल, रेप के आरोपी कीरत की संदीप से दोस्ती है। उसी के जरिए वह होटल में गया। उस दिन संदीप ही होटल में था और उसी ने कीरत व लडक़ी को रूम दिखाया था। इसलिए पुलिस ने सबसे पहले उसी को पकड़ा है। आरोपी कीरत ने एक लेडी दलाल के जरिए लडक़ी को बुलाया था। उनके बीच एक नाइट के लिए 10 हजार देने में डील तय हुई थी। मगर कीरत ने लडक़ी को पूरे पैसे नहीं दिए। बाद में फोन बंद कर लिया। महिला दलाल ने प्लानिंग बनाई कि वह पुलिस को शिकायत देकर समझौते के नाम पर कीरत से रुपए ऐंठेगी।

# फतेहाबाद को मिलेंगे 10 नए स्वास्थ्य उपकेन्द्र

- स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के लिए सरकार ने दी मंजूरी: प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए हरियाणा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 नए चिकित्सा उपकेन्द्रों को स्वीकृति दी गई है। यह जानकारी देते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने बताया फतेहाबाद जिले के गांव ढ़ाणी माजरा, अकांवाली, जमालपुर, बनगांव, अयालकी, हिजरावां, खाबड़ा कलां, अलालवास, धांगड़ व अलीकां में जल्द ही नए स्वास्थ्य उपकेन्द्रों की स्थापना होगी। प्रत्येक स्वास्थ्य उपकेन्द्र के लिए 50.55 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। प्रवीण जोड़ा ने बताया कि इन नए चिकित्सा उपकेन्द्रों पर आम जनता को प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य जांच, गर्भवति महिलाओं की देखभाल, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम माता एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा रोगों की प्रारंभिक पहचान एवं उपचार और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



फतेहाबाद। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव द्वारा भेजा गया पत्र। फोटो: हरिभूमि

**जताया आभार**



एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने सभी जिलावासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी की नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार धरातल पर विकास कार्य कर रही है। आम जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार हेतू यह फैसला स्वागत योग्य है। जिससे 10 गांवों में हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा जिला मुख्यालय फतेहाबाद का नागरिक अस्पताल को भी करोड़ों की लागत से अपग्रेड किया जा रहा है। फतेहाबाद जिले के लिए 10 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को मंजूरी देने पर एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने सीएम व स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया।

### नागरिक अस्पताल में लगाया मेगा हेल्थ कैंप

# लाभार्थियों को बांटे आयुष्मान कार्ड व प्रोटीन पोषण किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिक अस्पताल में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक दुड़ाराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने संयुक्त रूप से किया। एससीएस अधिकारी भूपेंद्र सिंह व एसडीएम राजेश कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र भादू ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 456 निक्षय मित्र बनाए गए है जो टीबी मरीजों को हर महीने प्रोटीन पोषण किट वितरण करते हैं।



फतेहाबाद। स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान के तहत नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

**कार्यक्रम की खास बातें**

वहीं आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख 67 हजार 472 आयुष्मान कार्ड जारी किए और इसके तहत 4 करोड़ 1 लाख 76 हजार रुपये की राशि विभिन्न आयुष्मान अस्पतालों को वितरित की गई है। 70 से ज्यादा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान योजना के तहत आयुष्मान भारत कार्ड वितरण किए गए।

### शहर के लोगों ने लगाया नगरपाषिद अफसरों पर अनदेखी का आरोप

# नप ने बरसात के बीच में ही उखाड़कर छोड़ दी मॉडल टाउन की नई सड़कें

**शहर में सड़कों की कोई सुध लेने वाला नहीं, ठेकेदारों ने उधेड़ कर रख दिया शहर, लोग परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

फतेहाबाद शहर की सडक़ें बदहाल हैं। जगह-जगह गड्ढों और टूटे टुकड़ों में बदल चुकी सडक़ें लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। मॉडल टाउन इलाके में तो हालात और भी खराब है। यहां ठेकेदार ने सडक़ को उधेडक़र बीच में छोड़ दिया है। बरसात के मौसम में जब पानी भर जाता है तो न केवल लोगों की आवाजाही बाधित होती है, बल्कि टूटी सडक़ें और भी खराब हो जाती हैं। लोगों का कहना है कि यदि नप अधिकारियों ने समय रहते ध्यान दिया होता तो आज यह स्थिति पैदा नहीं होती। इसी तरह शहर की कई प्रमुख सडक़ें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। डीएसपी रोड, जवाहर चौक से तहसील चौक, वाल्मीकि चौक से रतिया चुंगी रोड, भट्टू रोड और परशुराम चौक समेत कई स्थानों पर सडक़ें बुरी तरह टूटी पड़ी हैं। इन मार्गों पर हर दिन हजारों वाहन गुजरते हैं। बरसात होते ही सडक़ पर पानी जमा हो जाता है, जिससे गड्ढों की गहराई और बढ़ जाती है और वाहन चालक दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं।



फतेहाबाद। मॉडल टाऊन में टूटी पड़ी सडक़ें। फोटो: हरिभूमि

**टेंडर को लेकर पार्षद का का धरना**

नगर परिषद अधिकारियों की उदासीनता का आलम यह है कि टूटी गलियों के टेंडर तक समय पर नहीं लगाए जा रहे। कुछ दिन पहले पार्षद राजकुमार को अपनी ही गली का टेंडर पास कराने के लिए एक्सईएन कार्यालय के बाहर धरना देना पड़ा।

**श्याम मंदिर जाने वालों को 'यादा दिक्कत**

वार्ड 2 की पार्षद निलांशी शर्मा ने बताया कि श्याम मंदिर में हर रोज हजारों श्रद्धालु बाहर से आते हैं। टूटी सडक़ के कारण श्रद्धालुओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं, एक शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप करता है, जबकि अन्य दो हृदय गलफड़ों में रक्त पहुंचाते हैं।



फ्लेमिंगो का गुलाबी रंग उनके भोजन में पाए जाने वाले कैरोटीनॉयड नामक रसायन के कारण होता है।

# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी में मिलती हैं कई सुविधाएं




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजातों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।
योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास व कंप्यूटर अनुप्रयोगों की देता समझ

# बीसीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट व सरकारी जगत में नौकरी के सुनहरे मौके

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और कंप्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग, डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी जैसे विषय शामिल होते हैं। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बी.सी.ए. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बी.सी.ए. ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। बी.सी.ए. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किसी विशेष क्षेत्र जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डाटा साइंस या साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में सशक्त करियर बना सकते हैं। बी.सी.ए. और बी.सी.ए. (ऑनर्स) के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएँ उपलब्ध हैं।

**प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग की मिलती है जानकारी**

**डाटाबेस की मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी की मिलती है शिक्षा**

## प्रमुख स्पेशलाइजेशन

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)
- डाटा साइंस और बिग डाटा एनालिटिक्स
- साइबर सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा
- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी)

## बीसीए एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम



**खुलते हैं भविष्य के द्वार**

*बीसीए छात्रों के लिए करियर की राहें केवल कंप्यूटर अनुप्रयोगों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोलती हैं। सही कौशल और उच्च शिक्षा के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए www. careerjaano. com पर भी विजिट कर सकते हैं।*

## आवश्यक कौशल

**बी.सी.ए. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग में सफल होने हेतु विशेष कौशल आवश्यक हैं। निम्नलिखित प्रमुख कौशल इस प्रकार हैं।**

- प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (जावा, पायथन, सी++, जावास्क्रिप्ट) में दक्षता
- समस्या समाधान और तार्किक सोच
- डाटा विश्लेषण और गणितीय क्षमता
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास की समझ
- टीमवर्क और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल्स
- नई तकनीकों को शीघ्र सीखने और अपनाने की क्षमता


## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

**बी.सी.ए. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई मार्ग खुले हैं।**

**1. उच्च शिक्षा कार्यक्रम**
- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.)
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – आई.टी. एवं मैनेजमेंट
- एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस/डाटा साइंस/ए.आई.)
- पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग या मशीन लर्निंग

**2. विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स (प्रमुख कंपनियों द्वारा)**
- **माइक्रोसॉफ्ट:** माइक्रोसॉफ्ट अजूर फंडामेंटल्स
- **गूगल:** गूगल क्लाउड प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन
- **अमेज़न:** एडब्ल्यूएस सर्टिफाइड सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट
- **आईबीएम:** आईबीएम डाटा साइंस सर्टिफिकेट
- **ओरेकल:** ओरेकल सर्टिफाइड जावा प्रोग्रामर
- **सिस्को:** सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क प्रोफेशनल

***ये सर्टिफिकेशन न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी बनाते हैं और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।***



**बीसीए को 3 वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या 4 वर्षों में बीसीए ऑनर्स भी कर सकते हैं**

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

डिजिटल अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास के दौर में बी.सी.ए. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों में अवसर उपलब्ध हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- सूचना प्रौद्योगिकी
  सॉफ्टवेयर डेवलपर
  वेब डेवलपर
  मोबाइल एप डेवलपर
  डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर
  क्लाउड इंजीनियर
- बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ
  आई.टी. ऑफिसर
  डाटा एनालिस्ट
  टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
  बिज़नेस एनालिस्ट
- ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग
  ई-कॉमर्स ऑपरेशन मैनेजर
  डिजिटल मार्केटिंग टेक्नोलॉजिस्ट
  वेबसाइट मैनेजर
  एसईओ/एसईएम विशेषज्ञ
- शिक्षा और प्रशिक्षण
  कंप्यूटर शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
  ऑनलाइन ट्यूटर
  आईटी ट्रेनर
  एड-टेक कंटेंट डेवलपर
- कंसल्टिंग और स्टार्टअप्स आईटी कंसल्टेंट
  प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
  टेक्निकल सपोर्ट स्पेशलिस्ट
  प्रोडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर

### यह इनकम संभव

- बी.सी.ए. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 5 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 20 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में भी बी.सी.ए. स्नातकों के लिए सम्मानजनक अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ वे विभिन्न विभागों और संगठनों में तकनीकी एवं प्रशासनिक भूमिकाएँ निभा सकते हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- प्रशासनिक सेवाएं
  भारतीय प्रशासनिक सेवा
  भारतीय पुलिस सेवा
  राज्य लोक सेवा आयोग के पद
- बैंकिंग क्षेत्र
  प्रोबेशनरी ऑफिसर
  आईटी ऑफिसर
  क्लर्कियल पद
- रक्षा एवं अनुसंधान संगठन
  डी.आर.डी.ओ. में वैज्ञानिक/तकनीकी पद
  इसरो में अनुसंधान पद
  राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में आईटी पद
- शिक्षा और विश्वविद्यालय
  सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर
  कंप्यूटर प्रशिक्षक
  अनुसंधान सहायक
- रक्षा सेवाएं
  लेफ्टिनेंट
  आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
  अकाउंट अफसर
  एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
  लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
  टेरीटोरियल आर्मी अफसर

### इनकम यह संभव

- सरकारी क्षेत्र में बी.सी.ए. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 6 लाख रुपये वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

---

# मतदान की शक्ति : सावधानी और जिम्मेदारी से चुनें भारत का भविष्य



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय बदलाव का समय है, और आप भारत के युवा और भविष्य के कर्णधार इस बदलाव की धुरी हैं। 2025 में, जब भारत एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक उत्सव, यानी चुनावों की ओर बढ़ रहा है, आपके पास वह शक्ति है जो देश की दिशा और दशा को बदल सकती है। सावधानी से मतदान करना केवल आपका अधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी है जो आपके सपनों के भारत को साकार कर सकती है। आइए, इस प्रेरणादायक यात्रा में शामिल हों और समझें कि आपका एक वोट कैसे शांतिपूर्ण क्रांति ला सकता है। भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे जीवंत और शक्तिशाली लोकतंत्र है। यहाँ हर वोट एक कहानी लिखता है, जो देश के भविष्य को आकार देता है।

## छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं

आप में से कई छात्र पहली बार मतदान करने जा रहे हैं, और यह एक ऐसा मौका है जहाँ आप एक छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं। लेकिन यह निशान सावधानी और जागरूकता के साथ लगाना होगा। बिना सोचे-समझे किया गया मतदान आपके सपनों को अधूरा छोड़ सकता है, जबकि सही जानकारी और जिम्मेदारी के साथ दिया गया वोट एक समृद्ध, समावेशी और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकता है। आपके वोट में वह ताकत है जो शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह वोट केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपके विश्वास और सपनों का प्रतीक है। यह वह हथियार है जिसने भारत को स्वतंत्रता दिलाई और आज भी इसे मजबूत बनाए रखता है। 2025 में, भारत के सामने कई अहम मुद्दे हैं बेरोजगारी, शिक्षा में सुधार, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय। इन मुद्दों को हल करने के लिए हमें सही नेताओं और नीतियों को चुनना होगा। लेकिन सही चुनाव के लिए जागरूकता जरूरी है। सावधानी से मतदान का मतलब है। उम्मीदवारों के पिछले कार्यों, उनके वादों और उनकी विश्वसनीयता की जाँच करें। क्या वे आपके क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं? क्या उनकी योजनाएँ लंबे समय तक टिकाऊ हैं? वोट देते समय भावनाओं या प्रचार में न बहें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर उम्मीदवारों की नीतियों को समझें। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया जागरूकता फैलाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। सही जानकारी साझा करें और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने दोस्तों, परिवार और समुदाय को मतदान के महत्व के बारे में बताएं। एक जागरूक मतदाता समूह पूरे देश को बदल सकता है। भारत का इतिहास युवा शक्ति की गौरवगाथा से भरा पड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और लाखों युवा छात्रों ने अहिंसक और संगठित तरीके से देश को आजादी दिलाई। आज भी, 2020 के दशक में भारतीय युवा अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। चाहे वह किसान आंदोलन हो, जहाँ युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जरिए नीतिगत बदलाव लाए, या फ्राइडेजफॉरफ्यूचर अभियान, जिसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जागरूकता फैलाई भारतीय युवा हर बार साबित करते हैं कि वे बदलाव के असली नायक हैं।

## डिजिटल युग में आप अधिक शक्तिशाली

आज, डिजिटल युग में, आप और भी शक्तिशाली हैं। **#MeToo**, **#SaveTheChildren** जैसे अभियानों ने दिखाया कि भारतीय युवा सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों को जोड़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। 2025 में, आपके पास मतदान के जरिए इस विरासत को और मजबूत करने का अवसर है। कल्पना करें, एक ऐसा भारत जहाँ हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, हर युवा को रोजगार और हर नागरिक को सम्मान मिले। आपका वोट इस सपने को हकीकत में बदल सकता है।

**शांतिपूर्ण क्रांति का रास्ता:** आपका वोट भारत का लोकतंत्र हमें सिखाता है कि सच्चा बदलाव शांति और एकजुटता से आता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा के जरिए दुनिया को दिखाया कि सही मकसद और संगठित प्रयास से कोई भी सत्ता झुक सकती है। आपका वोट उसी अहिंसक क्रांति का हिस्सा है। यह एक ऐसा हथियार है जो बिना किसी नुकसान के समाज को बेहतर बना सकता है। हर वोट एक कहानी है, और यह आप पर निर्भर है कि वह कहानी प्रगति, समानता और आशा की हो।

**उठें, जागें और वोट करें** : छात्र मित्रों, यह समय है अपने भविष्य को अपने हाथों में लेने का। 2025 का साल आपके लिए एक सुनहरा अवसर है एक ऐसा मौका, जहाँ आप सावधानी और जिम्मेदारी से मतदान कर अपने सपनों के भारत को साकार कर सकते हैं। अपने स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले में जागरूकता फैलाएँ। अपने दोस्तों को बताएँ कि उनका वोट कितना कीमती है। सोशल मीडिया पर सकारात्मक अभियान चलाएँ, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित हों।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

खबर संक्षेप

### अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध

**फतेहाबाद।** नगर परिषद द्वारा शहर में पिछले तीन दिनों से जोर शोर से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के दिनों में नगर परिषद की इस कार्रवाही से लोगों में पनपते रोष पर भाजपा के पूर्व जिला उपप्रधान महेश शर्मा ने चिंता जताते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाना प्रशासन की जिम्मेदारी भी है और मैं इसके पक्ष में भी हूं, लेकिन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के तहत स्व'छता अभियान की बजाये अतिक्रमण हटाने का जो अभियान चलाया है। वह इस समय के लिए ठीक नहीं है।

### चुनाव को रजिस्ट्रार सोसायटी ने किया रद्द

**सिरसा।** श्री ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष प्रो. दयानंद शर्मा द्वारा दायर याचिका पर निर्णय सुनाते हुए राज्य सोसाईटी रजिस्ट्रार ने श्री ब्रह्माण सभा के चुनावों को रद्द करने का निर्णय सुनाया है। प्रो. दयानंद शर्मा ने बताया कि सितंबर 2024 में असंवैधाानिक रूप से कुछ लोगों ने चुनाव करवाकर अर्जुन शर्मा को प्रधान बना दिया। इसलिए उन्होंने इन चुनावों को रद्द करने के लिए रजिस्ट्रार सोसाईटी के पास याचिका लगाई थी। रजिस्ट्रार ने उनकी याचिका पर अपना निर्णय सुनाकर सभा के चुनावों को रद्द करने का निर्णय सुनाया है। श्री ब्राह्मण सभा के अश्विनी शर्मा, रितेश जोशी, विजय जोशी, सुशील शर्मा, सुधीर सारस्वत, रोशनलाल वशिष्ठ, भारत भूषण, बंसीधर शर्मा, कपिल शर्मा, शिवरतन शर्मा, विजय जोशी ने राज्य रजिस्ट्रार सोसायटी के निर्णय का स्वागत किया है।

### रोजगार सहायता शिविर आयोजित

**हिसार।** सेवा पखवाड़ा के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मंडल रोजगार कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया। इस शिविर में कुल 89 युवाओं ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और रोजगार व करियर से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि शिविर में युवाओं को सक्षम युवा योजना और बेरोजगारी भत्ता योजना आदि की विस्तृत जानकारी गई।

### एसोसिएशन ने सेंटेनरी कार रैली का किया स्वागत

**हिसार।** हिसार जॉर्जियन एसोसिएशन ने ऐतिहासिक 72 आर्म्ड ऑफिसर्स मेस, हिसार में सेंटेनरी कार रैली टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया। रैली का स्वागत कर्नल जयन्त सिंह, कर्नल राकेश पूनिया, कर्नल प्रदीप ढिल्लों, वासुदेव शर्मा और पांचों राष्ट्रीय सैन्य स्कूलों के एक्स-अलुमनाई सहित बड़ी संख्या में जॉर्जियन्स ने किया। 72 आर्म्ड रेजिमेंट के ऑफिसर्स मेस में एक जीवंत शाम का आयोजन किया गया, जहां जॉर्जियन्स ने सांझा यादों और सौहार्द पर बातचीत की। जिसके बाद हिसार जॉर्जियन एसोसिएशन ने रैली टीम को सम्मान के प्रतीक के रुप में टी-शर्ट प्रदान की। बदले में, रैली टीम ने हिसार जॉर्जियन एसोसिएशन को टी-शर्ट, स्मृति चिन्ह, जॉर्जियन स्टिकर और कीचेन प्रदान किए।

## समस्याओं का समाधान प्रशासन की पहली प्राथमिकता : डीसी

# आयुक्त एवं सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की समीक्षा

समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का समाधान पोर्टल पर अपलोड : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

उद्योग एवं वाणिज्य तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के उपायुक्तों के साथ समाधान शिविरों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि सभी जिलों में लंबित मामलों की पेंडेंसी 5 प्रतिशत से कम रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का समाधान पोर्टल पर अपलोड करें। वीसी उपरांत उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों की बैठक ली और कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन पूरी तत्परता से करवाया जा रहा है। उन्होंने विभागों को निर्देश दिए कि एसएमजीटी पोर्टल पर आई शिकायतों की एक्शन टेकन रिपोर्ट 24 से 48 घंटो में प्रस्तुत करें। जनता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए जिला एवं उपमंडल स्तर पर नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक नागरिक की समस्या को प्राथमिकता से सुना जाए और उसका समाधान यथाशीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य लोगों को राहत देना और उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान करना है।



**फतेहाबाद।** आयुक्त एवं सचिव की वीडियो कॉन्फ्रेंस में मौजूद उपायुक्त डॉ. विवेक भारती। फोटो: हरिभूमि

### समीक्षा बैठक में ये रहे मौजूद

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, डीएमसी संजय बिश्नोई, नगराधीश गौरव गुप्ता, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार, डीएसपी जगदीश काजला, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीआरओ श्यामलाल, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुखविंदर, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अजय चौटाला ने युवा योद्धा सम्मेलन का न्यौता दिया

**डबवाली।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला आगामी 23 सितंबर को सिरसा में होने वाले युवा योद्धा सम्मेलन को लेकर डबवाली स्थित जेजेपी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं और शहरवासियों को इस सम्मेलन का न्यौता दिया। अजय सिंह चौटाला ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं की ताकत और उन की ऊर्जा को सही दिशा देने का संकल्प है।

- आमजन से भी आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन शामिल हो

चौटाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी का मुख्य लक्ष्य युवाओं को राजनीति में अग्रणी भूमिका दिलाना और उन्हें प्रदेश की ताकत बनाना है। उन्होंने कहा कि डबवाली हलके की मिट्टी हमेशा से संघर्ष और आंदोलन की धरोहर रही है और इसी जज्बे के साथ जेजेपी कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती में योगदान देंगे।

उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस युवा योद्धा सम्मेलन में शामिल होकर जननायक जनता पार्टी को और अधिक मजबूती दें। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने भी अनेक अमूल्य सुझाव देते हुए जेजेपी अध्यक्ष डॉ. चौटाला को विश्वास दिलाया कि डबवाली हलका से हजारों की संख्या में लोग सिरसा पहुंचकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाएंगे।


**सिरसा।** प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

कैंप के विजेता प्रतिभागी सम्मानित

## पांच दिवसीय जूनियर रेडक्रॉस कैंप संपन्न

- कैंप में जिला के 12 विद्यालयों के 117 छात्र-छात्राओं व काउंसलरों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सिरसा में 15 से 19 सितंबर 2025 तक आयोजित किया गया। कैंप में जिला के 12 विद्यालयों के 117 छात्र-छात्राओं व काउंसलरों ने भाग लिया। समापन समारोह में उप जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के इंचार्ज डॉ. इंद्र सैन बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित हुए। सुभाष फुटेला ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता है और भविष्य में भी किया जाएगा। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि शिविर के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिक सहायता, सीपीआर, ट्रैफिक नियमों, जूनियर रेडक्रॉस की समाज में भूमिका की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न सामाजिक मुद्दे जैसे पर्यावरण, दहेज प्रथा, नशा मुक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि विषयों पर भाषण प्रतियोगिता तथा पेंटिंग प्रतियोगिता तथा सोलो डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरेकां के धीरज ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से लविश को द्वितीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चतरगढ़पट्टी सिरसा के केशव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाजेकां की रंजना ने प्रथम प्राप्त किया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में रविन रहा द्वितीय

- खंड स्तरीय साइंस एग्जीबिशन में रविन कुमार ने जीता दूसरा स्थान, मिला 6 हजार का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

खंड स्तरीय साइंस एग्जीबिशन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलू के होनहार विद्यार्थी रविन कुमार ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। रविन ने ग्रुप 9 से 12 की श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त कर न सिर्फ अपनी मेहनत को साबित किया, बल्कि अपने स्कूल और माता-पिता का भी नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के लिए उसे 6 हजार रुपये का नगद पुरस्कार भी प्रदान किया गया।


**भूना।** खंड स्तरीय साइंस एग्जीबिशन में रविन कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय में सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ. विजेंद्र साहू व अतिथिगण।

### रविन के मॉडल ने प्रभावित किया

एग्जीबिशन के दौरान रविन द्वारा प्रस्तुत मॉडल ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। उनकी मेहनत और सोच को देखते हुए निर्णायकों ने उन्हें द्वितीय स्थान से नवाजा। इस उपलब्धि पर स्कूल परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्राचार्य डॉ. विजेंद्र साहू ने रविन को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

## जरूरतमंद परिवारों को बांटी मच्छरदानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

लायंस क्लब फतेहाबाद गौरव की ओर से जल प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए म'छरदानी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब की ओर से 100 परिवारों को म'छरदानियां दी गईं।

कार्यक्रम का आयोजन भूना ब्लॉक के लहरिया गांव में किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह में लायंस क्लब के चीफ एनवायरमेंट कोऑर्डिनेटर प्रवीण मुंजाल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के प्रधान नितिन मेहता ने की, जबकि संचालन प्रोजेक्ट चेयरमैन मनीष गर्ग ने किया। मुंजाल ने कहा कि जलभराव और गंदगी के कारण म'छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है। ऐसे में म'छरदानी जरूरतमंद परिवारों के लिए सुरक्षा कवच का काम करेंगी। उन्होंने क्लब के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि लायंस क्लब फतेहाबाद गौरव हमेशा मानव सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। इस मौके पर समाजसेवी दलबीर सिंह और लहरिया गांव के सरपंच प्रतिनिधि जगदीश नेहरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।


**भूना।** लहरिया गांव में लायंस क्लब फतेहाबाद गौरव की टीम सदस्यगण व अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं का योगदान हमेशा ही समाज के कमजोर तबके को सहारा देता है। ऐसे प्रयासों से न सिर्फ जरूरतमंदों की मदद होती है, बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ती है। प्रधान नितिन मेहता ने कहा कि लायंस क्लब समय-समय पर सामाजिक व सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाता है। जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना ही क्लब का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। इस अवसर पर क्लब के सचिव विपिन गोयल, कोषाध्यक्ष सौरभ गर्ग, उपप्रधान विनोद गगनेजा, गौरव गर्ग, शीतल तेरिया, राकेश अरोड़ा, गौरव वर्मा, मोहित लाल, नीरज मितल आदि रहे।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पलक अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

राजकीय नेशनल महाविद्यालय में कम्प्यूटर साइंस विषय परिषद द्वारा डिजिटल एवं हस्तनिर्मित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई जिसका संचालन परिषद की संयोजक मंजीत कौर एवं मनदीप कौर द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल की भूमिका राजकुमारी, परमजीत कौर, कुलदीप अरोड़ा एवं सरोज रानी ने निभाई। प्रतियोगिता में बी.एससी द्वितीय वर्ष की छात्रा पलक ने प्रथम स्थान, बी.एससी प्रथम वर्ष की अर्शप्रीत ने द्वितीय स्थान तथा बी.सी.ए. प्रथम वर्ष की ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. हरविंद्र सिंह द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही विभाग की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरजिंद्र सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई दी एवं भविष्य में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया


**सिरसा।** पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की विजेता प्राचार्य के साथ। फोटो: हरिभूमि

## त्योहारी सीजन में शुद्ध माल बेचें व्यापारी

- त्योहारी सीजन में व्यापारी नहीं करेंगे गुणवत्ता से समझौता : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

करियाना मर्चेंट एसोसिएशन के व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक शुक्रवार को एसोसिएशन के जिला प्रधान सतीश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान हीरालाल शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे। हीरालाल शर्मा ने व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा का व्यापारी पहले भी और आगे भी ईमानदारी से अपना व्यापार कर रहा है। किसी भी प्रकार की मिलावट आदि की शिकायतें नहीं है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया कि आगामी समय में आने वाले त्योहारों में दशहरे व दीपावली के पर्व पर स्वच्छ एवं शुद्ध सामान बेचें। किसी भी ग्राहक को किसी भी प्रकार की शिकायत न आने दें। न्होंने अधिकारियों को भी ये चेताया कि अपने स्वार्थ के लिए किसी व्यापारी को नाजायज तौर पर तंग या परेशान किया तो व्यापार मंडल चुप नहीं बैठेगा। जिला प्रधान सतीश शर्मा ने पूर्ण रूप से विश्वास दिलाया कि करियाणा का सामान बेचने वाले सभी व्यापारी सामान की गुणवत्ता का ध्यान रखेंगे।


**सिरसा।** व्यापार मंडल के जिला प्रधान हीरालाल शर्मा व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महासचिव परमानंद कक्कड़, उपप्रधान वेदभूषण गर्ग, उपप्रधान मनोहरलाल गंभीर, सुधीर जैन, मन्नत जैन, विशाल, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, संजय मोंगा, कृष्ण कुमार, रामप्रताप अग्रवाल, अविनाश, अनिल मौजूद थे।

## चौ. देवीलाल जयंती की तैयारी

- चौ. देवीलाल जयंती को लेकर इनेलो की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला परिषद सिरसा के चेयरमैन कर्ण चौटाला व रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला ने शुक्रवार को डबवाली रोड स्थित इनेलो जिला कार्यालय में ऐलनाबाद हलके के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक ली। दोनों नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को आगामी 25 सितंबर को रोहतक जिले में पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल जयंती समारोह को ऐतिहासिक बनाने में भरपूर योगदान देने का आह्वान किया।


**सिरसा।** बैठक को संबोधित करते अर्जुन चौटाला। फोटो: हरिभूमि

### जयंती समारोह का रोड मैप तैयार

इनेलो नेताओं ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने सदैव किसानों, गरीबों, मजदूरों आदि सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया और इसी कारण वे आज भी न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश में जननायक के तौर पर जाने जाते हैं। अपने जननायक को आदर और श्रद्धाभाव से नमन करने के लिए ही हरियाणा व अन्य राज्यों से 25 सितंबर को रोहतक में लाखों की संख्या में लोग आएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इस जयंती कार्यक्रम का न्यौता देने का आह्वान किया। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने कहा कि सिरसा जिला चौधरी देवीलाल की जन्मस्थली है और उन्हें पूरी आशा है कि इस जयंती कार्यक्रम में सर्वाधिक संख्या सिरसा जिले से ही होगी।

परेशानी | सीवरेज लाइन के कई मैनहोल के ढक्कन टूटने लोगों की बढ़ी मुसीबत

## भूना अनाजमंडी से टोहाना रोड तक सीवरेज मैनहोल बने खतरा, हादसे का हर समय डर

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

टोहाना रोड से अनाज मंडी तक डाली गई नई सीवरेज लाइन अब लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है। इस सीवरेज लाइन के कई मैनहोल के ढक्कन टूट-फूट चुके हैं, जिसके कारण हर समय किसी बड़े हादसे का भय बना रहता है। सबसे 'यादा परेशानी उन व्यापारियों और दुकानदारों को हो रही है, जिनकी दुकानें अनाज मंडी रोड पर स्थित हैं। उनका कहना है कि कई बार मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद भी इन टूटे हुए मैनहोल की मरम्मत नहीं की गई, जिससे गुस्सा और नाराजगी बढ़ती जा रही है। व्यापारियों व दुकानदारों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इन मैनहोल पर मजबूत ढक्कन लगाए जाएं, ताकि आने-जाने वाले लोग और वाहन चालकों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं करते तो वह विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।


**भूना।** अनाजमंडी से टोहाना रोड पर टूटे हुए सीवरेज मैनहोल को दिखाते हुए व्यापारी।

### यह है आरोप

व्यापारी मोलू राम रूलहानिया, राजेश कुमार, जगदीश चंद्र, हवा सिंह, मनोज कुमार, नरेश कुमार, राहुल कुमार, रणधीर सिंह, रामनिवास समेत कई लोगों ने बताया कि कुछ महीने पहले ही मार्केटिंग बोर्ड द्वारा टोहाना रोड से अनाज मंडी तक सीवरेज लाइन डाली गई थी। लेकिन काम की गुणवत्ता से समझौता किया गया।

### सता रही चिंता

व्यापारियों और दुकानदारों ने प्रशासन से अपील की है कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। लोगों का कहना है कि सीवरेज का यह काम लंबे समय तक टिकाऊ होना चाहिए, न कि कुछ ही महीनों में ढक्कन टूट जाएं। किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### आंगनवाड़ी केंद्र में मना पोषण पखवाड़ा

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव चाहरवाला स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में शुक्रवार को पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर संतोष कुमारी, एएनएम कलावती और शारदा ने ग्रामीणों को पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को दिन में कम से कम पांच बार संतुलित आहार लेना चाहिए।

### कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**सिरसा।** सेवा पखवाड़ा के तहत केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। क्षेत्रीय स्टेशन के प्रमुख डॉ. ऋषि कुमार ने सभी वैज्ञानिकों, तकनीकी, प्रशासनिक और संविदा कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। अभियान का संचालन स्टेशन के नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र ने किया। संस्थान परिसर में 'स्वच्छता वॉकथॉन' भी आयोजित किया गया।

### विद्यार्थियों ने सीखी नुक्कड़ नाटक की बारीकियां

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज में बैचलर आफ परफॉर्मिंग आर्ट के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक जिसका शीर्षक सोशल मीडिया व इसके नुकसान प्रस्तुत किया गया। इस नाटक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के साइड इफेक्ट्स के बारे में अवगत करवाना रहा। नाटक की प्रस्तुति से पहले आठ दिवसीय कार्यशाला भी लगी।

### जंक फूड से दूर रहने का दिया संदेश

**भूना।** गांव बोस्ती स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में शुक्रवार को 8वां राष्ट्रीय पोषण माह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर मंगलेश नेहरा ने की। उन्होंने मौके पर महिलाओं के बीच रेसिपी कंपटीशन का आयोजन करवाया, जिसमें ग्रामीण महिलाओं ने प्रोटीन से भरपूर व्यंजन तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंगलेश नेहरा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के लिए संतुलित आहार सबसे जरूरी है।

### रोजगार सहायता शिविर का किया आयोजन होगा

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कार्यालय परिसर में रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में जिला परिषद की अध्यक्ष सुमन खिचड़ बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेगी। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में रोजगार कार्यालय व सक्षम युवा योजना में पंजीकरण करने, सरकारी नौकरियों की जानकारी, कौशल एवं प्रशिक्षण व अन्य जानकारी दी जाएगी।

### स्वच्छता अभियान के तहत किया पौधरोपण

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। अभियान का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर व इतिहास विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मंजु ने किया। उन्होंने कहा कि मां वसुंधरा को यदि हरा भरा रखना है, तो हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। पेड़, पौधें हमें न केवल स्वच्छ वायु देते हैं, अपितु हरियाली से हमारा जीवन में आनंदित करते हैं।

### जोत राम उपाधीक्षक पद पर पदोन्नत

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में कार्यरत 14 अधिकारियों व कर्मचारियों को पदोन्नति दिए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। इस क्रम में वर्तमान में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय फतेहाबाद में प्रोडक्शन इंचार्ज के पद पर कार्यरत जोत राम को उपाधीक्षक (मुख्यालय) के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। कर्मचारी ने उन्हें बधाई दी है।

---

एजेंसी अलॉट होने के बाद राइस शैलरों का होगा एग्रीमेंट, फतेहाबाद में 250 के लगभग शैलर

# धान की पॉलिसी जारी होते ही राइस शैलरों का पंजीकरण शुरू

## हैफेड, डीएफएससी व वेयर हाउस 17 फीसदी नमी वाला धान खरीदेंगे

■ सरकार ने धान खरीद की तिथि 1 अक्तूबर से निर्धारित की है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि धान की खरीद पहले ही शुरु हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीद की नई पॉलिसी जारी करते ही फतेहाबाद में राइस शैलरों का पंजीकरण शुरु हो गया है। राइस शैलरों के पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिला मिलिंग कमेटी की बैठक होगी। जिसमें खरीद एजेंसियों को राइस शैलर अलॉट किए जाएंगे। राइस शैलर खरीद एजेंसी से एग्रीमेंट करेंगे जिसके बाद ही विधिवत रुप से धान की सरकारी खरीद शुरु हो पाएगी। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विनित जैन ने इसकी पुष्टि की है। फतेहाबाद जिला में 250 राइस शैलर हैं। बीते वर्ष राइस शैलरों ने खरीद एजेंसियों से धान लेकर धान की मिलिंग की थी।

इस बार शुक्रवार से राइस शैलरों का पंजीकरण शुरु हुई तो कागजी कार्रवाई अधिक होने के कारण पोर्टल पर अधिक समय लग रहा है। इस बार प्रदेश सरकार ने ए ग्रेड परमल धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। इसके तहत हैफेड, डीएफएससी व वेयर हाउस किसानों का 17 फीसदी नमी वाला धान खरीदेंगे। सरकार ने धान खरीद की तिथि 1 अक्तूबर से निर्धारित की है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि धान की खरीद पहले ही शुरु हो जाएगी। सरकार ने



**फतेहाबाद।** धान की खरीद लेकर अनाजमंडी में चकाचक करवाया गया शैड। फोटो : हरिभूमि

इस बार धान की एवज में चावल की मिलिंग के लिए राइस शैलरों को कुछ रियायत दी है। पहले राइस शैलरों को सीएमआर के रुप में चावल मई मास तक देना होता था। सरकार ने अब सीएमआर की डिलीवरी जून तक कर दी है। यानी कि दिसंबर तक राइस शैलरों को 15 फीसदी चावल एफसीआई को देना होगा। जनवरी तक 40, फरवरी तक 60 व मार्च तक 75 व मई तक 90 तथा जून तक 100 फीसदी चावल की डिलीवरी देनी होगी। बता दें कि धान मिलिंग का 67 फीसदी फोर्टीफाईड चावल राइस शैलर एफसीआई को देता है।

## ठेकेदार धान नहीं उठाता तो मिलर्स उठवा सकेंगे, प्रदेश सरकार करेगी भुगतान

### धान की नई पॉलिसी जारी, कई अहम बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राज्य सरकार द्वारा जारी नई पॉलिसी के अनुसार यदि ठेकेदार समय पर धान का उठान नहीं करता तो राइस मिलर्स धान उठवा सकेंगे। इसमें जो भी खर्च होगा, सरकार भुगतान करेगी। यह कदम धान की खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए उठाया गया है। धान खरीद की नीति जारी नहीं होने से राइस मिलर्स रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पा रहे थे। राइस मिलर्स एसोसिएशन ने धान खरीद की पॉलिसी जारी करने की मांग की थी। पॉलिसी के मुताबिक धान की खरीद एक अक्तूबर से 15 नवंबर 2025 तक होगी। हालांकि रा'य सरकार ने एक अक्तूबर से पहले खरीद की अनुमति केंद्र सरकार से मांगी हुई है। बताया जा रहा है कि 22 सितंबर से धान की खरीद शुरू की जा सकती है। नीति में उल्लेख किया गया है कि कृषि विभाग के पूर्व अनुमानों के अनुसार हरियाणा की मंडियों और खरीद केंद्रों में लगभग 84 लाख मीट्रिक टन धान की आवक होगी। खरीद एजेंसियों की खरीद में हिस्सेदारी लगभग 54 लाख मीट्रिक टन होगी।

### प्रदेश में 1445 राइस शैलर कार्य कर रहे

खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के दौरान खरीद एजेंसियां केंद्रीय पूल में लगभग मीट्रिक टन कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) का योगदान देंगी। भारत सरकार ने धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य भी तय कर दिया है। इसके मुताबिक सामान्य धान प्रति क्विंटल और ग्रेड ए का धानमुताबिक टूटा चावल ग्रेड ए व सामान्य में अधिकतम 25 फीसदी होगा। प्रदेश में 1445 राइस शैलर कार्य कर रहे हैं। सीएमआर कार्य करने के लिए प्रत्येक चावल मिलर को संबंधित जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक के पास रजिस्ट्रेशन कराना होगा ताकि वे ई-खरीद पोर्टल पर एजेंसियों के धान की कस्टम मिलिंग के लिए पात्र हो सकें। रजिस्ट्रेशन के लिए प्रत्येक चावल मिलर को प्रति मिल का पंजीकरण शुल्क देना होगा। यह पंजीकरण एक साल के होगा।



**फतेहाबाद।** राजकीय महिला कॉलेज भोडिया खेड़ा में आयोजित कंप्यूटर कौशल विकास कार्यशाला में उपस्थित छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## कंप्यूटर की सैद्धांतिक जानकारी के साथ व्यावहारिक ज्ञान भी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ चौधरी मनीराम गोदारा कॉलेज में वर्कशॉप का आयोजन

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में गणित विभाग द्वारा कौशल निर्माण के उद्देश्य से एक एक दिवसीय कंप्यूटर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. लखबीर कौर ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य हो गई है। कंप्यूटर की सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी आज के समय की आवश्यकता है। वर्कशॉप में रिसोर्स पर्सन प्रमोद भट्टी व उनकी टीम ने एमएस वर्ड, एक्सेल और अन्य कंप्यूटर अनुप्रयोगों की लाइव प्रैक्टिकल डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। छात्राओं ने पूरे सत्र के दौरान सक्रिय भागीदारी दिखाई और कंप्यूटर के प्रति उनका उत्साह देखने योग्य था। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका एवं गणित विभागाध्यक्ष डॉ. कविता ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोडऩे में अहम भूमिका निभाती हैं। साथ ही डॉ. सोनू राम ने भी छात्राओं को संबोधित किया और कंप्यूटर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक डॉ. भारत भूषण, पवन कुमार, संदीप कुमार, रोहित कुमार सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### अग्रवाल समाज 28 को मनाएगा महाराजा अग्रसेन जयंती

**फतेहाबाद।** अग्रवाल समाज फतेहाबाद द्वारा 28 सितंबर को महाराजा अग्रसेन जयंती बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर समाज के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। जयंती समारोह में फतेहाबाद शहर के 75 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को पिताश्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पढ़ाई-लिखाई, मनोरंजन व कला क्षेत्र, खेलकूद तथा सरकारी नौकरियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को होनहार सम्मान पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए पात्र व्यक्तियों के आधार कार्ड, फोन नंबर और पते 22 सितंबर तक प्रयास गर्ग, अग्रवाल एसोसिएट नजदीक नंबरदार आटा चक्की, भट्टू रोड फतेहाबाद व अन्य जगह जमा करा सकते है।

## सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही पुरस्कार के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। उन्होंने बताया कि संस्थानों, स्वै'छिक संगठनों, कॉर्पोरेट संस्थाओं, शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थानों, प्रतिक्रिया/वर्दीधारी बलों या किसी अन्य संस्थान के लिए पुरस्कार के लिए एक संस्था के रूप में आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए उम्मीदवार ने भारत में आपदा प्रबंधन जैसे रोकथाम, शमन, तैयारी, बचाव, राहत, पुनर्वास, अनुसंधान/नवाचार कार्य के क्षेत्र में काम किया हो। उपायुक्त ने बताया कि आवेदन के साथ आपदा प्रबंधन में किए गए कार्यों का विवरण होना चाहिए।

### सीडीएलयू में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. जसबीर सिंह भारत ने बताया कि विश्वविद्यालय के पंजाबी, कंप्यूटर साइंस, स्नातक जनसंचार, जेएमसी, बायोटेक, हिंदी, संस्कृत, इतिहास और वाणिज्य विभागों से कुल 16 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने विषय रूप में आरक्षण, नारी सशक्तिकरण, विज्ञान-वरदान या अभिशाप, मीडिया की सार्थकता और एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे राष्ट्रीय विषयों पर विचार साझा किए।

## किसानों को तुरंत मुआवजा दे सरकार : सिहाग

■ पूर्व विधायक बोले- बाढ़ के कारण किसान आफत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता अमित सिहाग ने हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम एक खुला पत्र लिखा है जिसके माध्यम से उन्होंने सरकार को किसानों की पीड़ा से अवगत करवाते हुए शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

पूर्व विधायक अमित सिहाग ने शुक्रवार को मीडिया को जारी बयान में कहा है कि प्रदेश में बाढ़ से हुई त्रासदी और खास कर किसान वर्ग की पीड़ा को दरकिनार करते हुए भाजपा नेता व कार्यकर्ता बड़ी धूमधाम से प्रधानमंत्री का जन्मदिन मना रहे थे, जबकि होना यह चाहिए था कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन बाढ़ से पीड़ित किसानों को समर्पित किया जाता और पचास हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा राशि देकर उनके जख्मों पर मरहम लगाया जाता। अमित सिहाग ने कहा कि भारी बरसात के कारण हरियाणा के किसानों की करीब 30 लाख एकड़ जमीन में जल भराव के कारण खड़ी फसल बर्बाद हुई है।

### पूर्व विधायक ने सीएम के नाम लिखा खुला पत्र

पूर्व विधायक ने सरकार को सचेत किया कि अगर सरकार ने खेतों में खड़े बरसाती पानी को तुरंत निकालने का काम नहीं किया तो अक्टूबर में सरसों तथा नवंबर में गेहूं आदि की बीजांत होना असंभव हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के ढीले रवैया के चलते जहां किसानों की बर्बाद हुई खड़ी फसल का अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, वही आगामी फसल की बिजांत न होने से किसानों को दोहरी आर्थिक मार पड़ेगी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि वह अपने खर्च पर किसानों की जमीन से तुरंत जल भराव की निकासी सुनिश्चित करें और फसल की खरीद करने का काम करें। साथ ही 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने का काम करें ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। पूर्व विधायक ने सरकार की कार्य कुशलता पर प्रश्न चिह्न लगाते हुए कहा कि धान की फसल की आवक मंडियों में शुरू हो चुकी है लेकिन फसल खरीद शुरू करना तो दूर अभी तक सरकार ने धान खरीद की नीति ही तय नहीं की है। सरकार की इस नाकामी के कारण हर साल की तरह इस बार भी किसानों को अपनी फसल एमएसपी से औने-पौने दामों पर व्यापारियों को बेचने के लिए विवश होना पड़ रहा है।

### किसानों को पोर्टल में उलझा रही सरकार

सरकार इस और ध्यान न देकर किसानों को मुआवजे के लिए केवल पोर्टल पर उलझाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के माध्यम से अभी तक किसानों को एक रुपए तक का मुआवजा नहीं मिला है और जो हरियाणा सरकार ने 10 से 15 हजार प्रति एकड़ मुआवजा राशि घोषित की है, वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है, इतना खर्चा तो किसान का खाद और फर्टिलाइजर पर ही हो जाता है। अमित सिहाग ने कहा कि जहां ग्वार, मूंग की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है वहीं नरमा और कपास की फसल को भी बीस से सत्तर प्रतिशत नुकसान है और जो धान की फसल बची है उसमें भी प्रति एकड़ 10 से 12 क्विंटल कम धान निकलने की आशंका है।

### कांग्रेस नेता ने लाडो लक्ष्मी योजना पर लगाई शर्तों पर उठाए सवाल

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने हरियाणा सरकार द्वारा लांच की जा रही लाडो लक्ष्मी योजना की लगातार बढ़ाई गई शर्तों पर सवाल खड़े किए हैं। साथ ही सरकार की नीयत पर भी तंज किया है। नवीन केडिया ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि बीजेपी ने चुनावी संकल्प पत्र में सभी महिलाओं के लिए 2100-2100 रुपए देने की घोषणा की थी। अब इस घोषणा को टुकड़ों में बांटा जा रहा है। पहले चरण में 18 साल की लड़कियों या महिलाओं को इससे वंचित कर दिया गया है। अभी शर्त लगाई गई है कि लाभार्थी महिला को हर महीने जिंदा होने का सबूत देना होगा और यदि वह दो महीने तक अपनी राशि नहीं लेती है तो खाता बंद कर दिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस योजना के पीछे छिपे कुछ ऐसी शर्तें और दुष्प्रभाव हैं जो महिलाओं की सुविधा की बजाय निगरानी और दंड की व्यवस्था ज्यादा लगते हैं।योजना में पंजीकरण केवल लाडो लक्ष्मी मोबाइल एप से होगा। सत्यापन भी इसी एप से होगा। पहचान, शिकायत, समाधान सब इसी प्लेटफार्म पर किए जा सकेंगे।

■ नवीन केडिया बोले, सरकार नई-नई शर्तें लगा रही



**रतिया।** खालसा महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता के दौरान मौजूद छात्राएं।

### नारी की सशक्त भूमिका पर किया मंथन

**रतिया।** खालसा महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में नारी सशक्तिकरण विषय पर शुक्रवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ सुमित्रा सांगवान के नेतृत्व में छात्राओं ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए नारी के विविध रूपों को रंगों के माध्यम से उकेरा। समाज में नारी की स्थिति, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र में उसकी सशक्त भूमिका को पोस्टर के माध्यम से छात्राओं ने चित्रित करने का प्रयास किया। भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा एवं सशक्त नारी जैसे विषयों पर छात्राओं ने पोस्टर बनाकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रभारी डॉ रिचा ने छात्राओं को कलात्मक प्रतिभा विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ अजीत, डॉ वीरेंद्र, डॉ अनिल एवं प्रो पूनम सोनी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मनप्रीत कौर ने द्वितीय स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा नंदिनी ने व तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा पारुल व बीए तृतीय वर्ष की छात्रा परनीत कौर ने प्राप्त किया।

### श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा

**रतिया।** संत बाबा बाबू राम दुगाल वाले व संत बाबा कर्म चंद ब'छुआना के पावन सानिध्य में श्रीकृष्ण गौशाला के प्रांगण में श्रीकृष्ण गौशाला कमेटी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण के जन्म पर सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान श्रद्धालु झूमने-नाचने लगे। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु लालायित नजर आ रहे थे। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी पर श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने घरों से लाए गए पकवानों से भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाया गया। इस अवसर प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य प्रदीप शास्त्री ने भगवान की महिमा का गुणगान किया।

■ श्रीकृष्ण गोशाला कमेटी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह



**भूना।** ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट पूजा को सम्मानित करते अतिथिगण।

## नहला की पूजा ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

■ सोनीपत में आयोजित प्रतियोगिता में जिले का नाम रोशन किया

शहीद भगत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नहला की छात्रा पूजा नहला ने अपने हुनर का लोहा मनवाते हुए प्रदेश स्तर पर बड़ा मुकाम हासिल किया है। पूजा ने सोनीपत में आयोजित 58वीं हरियाणा राज्य स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर फतेहाबाद जिले का नाम रोशन किया। कक्षा 12वीं साइंस की छात्रा पूजा ने अंडर-19 गर्ल्स कैटेगरी के ओवर-68 किलोग्राम वेट वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया, लेकिन पूजा ने बेहतरीन खेल कौशल और दमदार प्रदर्शन से सबको पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। पूजा की इस उपलब्धि से न केवल उसके परिवार में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे विद्यालय और गांव में भी जश्न का माहौल है। पूजा के पिता रमेश ढिल्लों ने बेटी की इस सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि पूजा ने कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक नारंग ने भी पूजा को बधाई दी और कहा कि उसकी यह जीत पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। वहीं, कोच राजपाल पानू ने पूजा की मेहनत और लगन को सराहा।

रजिस्ट्री, जमाबंदी व ड्राइविंग लाइसेंस अटके

## उपमंडल व तहसील कार्यालय में घंटों बिजली सप्लाई रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

उपमंडल कार्यालय व तहसील कार्यालय कालांवाली में शुक्रवार दोपहर बाद कई घंटे बिजली सप्लाई बाधित रही और पंखे, लाइटें, कंप्यूटर सिस्टम आदि बंद रहे। जिसके चलते कार्यालयों में रजिस्ट्री संबंधी कार्य, जमाबंदी निकालवाने, ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी कार्य, वाहन पंजीकरण संबंधी कार्य, विवाह पंजीकरण संबंधी कार्य, सीएम विंडो लगवाने इत्यादि कई कार्य प्रभावित रहे और करीब 66 गांवों के लोग परेशान रहे। उपमंडलवासियों का कहना है कि पिछले कई सालों से उपमंडल कार्यालय व तहसील कार्यालय कालांवाली में जरनेटर की कोई सुविधा नहीं है। जिस दिन कार्यालय में बिजली सप्लाई बाधित रहती है। उस दिन कार्यालय में दिनभर कोई काम नहीं होता।

हालांकि नए एसडीएम मोहित कुमार ने आते ही नए जरनेटर की डिमांड उच्चाधिकारियों को भेज दी थी। जिसके बाद कार्यालय में नया जरनेटर आ गया है। लेकिन वह जरनेटर गलत आने के कारण चालू नहीं हो पाया है।

कालांवाली के लखन कुमार ने बताया कि वह कार्यालय में ड्रऊाइविंग लाइसेंस संबंधी कार्य के लिए आया था। लेकिन लाइट ना होने के कारण कई घंटे इंतजार करना प?ा। इसी तरह गांव पाना के कुशाल सिंह ने बताया कि वह अपने बाइक के पंजीकरण करवाने के लिए फीस कटवाने आया था। लेकिन बिजली ना होने के कारण रसीद नहीं कट पाई। गांव देसूमलकाना के हरप्रीत सिंह ने बताया कि वह अपनी जमीन की फर्द निकलवाने आए थे, लेकिन बिजली सप्लाई बाधित रहने के कारण कई घंटे इंतजार करना पड़ा।



**सिरसा।** उपमंडल कार्यालय में बिजली गुल होने से छाया अंधेरा। फोटो : हरिभूमि

### नया जरनेटर आते ही दूर होगी बिजली समस्याः एसडीएम

इस संबंध में कालांवाली के एसडीएम मोहित कुमार ने बताया कि उनकी तरफ से नया जरनेटर मंगवा लिया था। लेकिन उच्चाधिकारियों को भेजी गई 30 किलोवाट की डिमांड की जगह 25 किलोवाट का आ गया। जिसे बदलने के बाद 30 केवी का जरनेटर आने के आमजन को बेहतर बिजली सुविधा मिलेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916